# राजकीय महाविद्यालय भरमौर

# वार्षिक विवरण

# 2023-24

# मुख्य अतिथि
# डॉ. लेख राज जी
# (सेवानिवृत पूर्व प्रधानाचार्य)
# राजकीय महाविद्यालय भरमौर

**प्रस्तुतकर्ता :-**

**प्राचार्य**

**डॉ. हेमंत पाल**

मैं राजकीय महाविद्यालय भरमौर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के अवसर पर माननीय मुख्यातिथि महोदय, उपस्थित सम्माननीय

अथितिगण इलेक्ट्रॉनिक प्रिंट मीडिया से आये मेरे पत्रकार बंधू एवं महाविद्यालय के विद्यार्थियों का हार्दिक अभिनंदन करता हूँ|

चंबा जनपद की प्राचीन राजधानी ब्रह्मपुर, जो वर्तमान में भरमौर के नाम से विख्यात है अपनी सांस्कृतिक विरासत, चौरासी व मणिमहेश जैसे ऐतिहासिक व धार्मिक स्थलों एवं प्राकतिक सौन्दर्य के लिए प्रसिद्ध है|

किसी समय श्रद्धेय नागाबाबा द्वारा भरमौर में शिक्षा के लिए एक विद्यालय के रूप में रोपा गया पौधा सरकार के प्रयत्नों द्वारा वर्तमान में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के रूप में फल- फूल रहा है| इसी कड़ी में हमारा महाविद्यालय आज अपना बाहरवा वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित करने जा रहा है|

**महोदय,**

राजकीय महाविद्यालय भरमौर अगस्त 2005 में अस्तित्व में आया| 2005 में शिक्षा के लिए रोपा गया पौधा आज वर्तमान में उच्चतर एवं गुणात्मक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित हुआ है और भविष्य में इस पौधे के वट वृक्ष बनने की स्पष्ट झलक हम देख रहे हैं| इसी विश्वास के साथ मैं महाविद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करने जा रहा हूँ|

**शिक्षक वर्ग:**

मान्यवर राजकीय महाविद्यालय भरमौर में शिक्षकों के कुल **16** पद स्वीकृत हैं, जिनमें से केवल 11 पद भरे गये हैं जबकि 5 पद अभी भी खाली है| महाविद्यालय के पास अपना सरंचनागत ढांचा उपलब्ध न होने के कारण अभी केवल कला और वाणिज्य संकाय में ही शिक्षा प्रदान की जा रही है|

**गैर शिक्षक वर्ग:**

गैर शिक्षक वर्ग में हमारे महाविद्यालय में 13 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 10 पदों पर स्थायी नियुक्तियां हैं जबकि शेष सभी पद रिक्त हैं।

**तकनीकी वर्ग:**

मान्यवर, महाविद्यालय में तकनीकी वर्ग के 2 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से एक पद पर स्थाई नियुक्ति है तथा एक पद रिक्त है।

**विद्यार्थी वर्ग:**

वर्तमान में राजकीय महाविद्यालय भरमौर में **बी० ए०/बी० कॉम० प्रथम वर्ष** में **121**, द्वितीय वर्ष में 72 तथा तृतीय वर्ष में 83 विद्यार्थी शिक्षारत हैं। इस प्रकार महाविद्यालय में **कुल 276 विद्यार्थी** शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जिनमें अधिकतर संख्या लगभग **65% छात्राओं** की है।

| **Class/year** | **B.A./B.COM 1st year** | **B.A./B.COM 2nd year** | **B.A./B.COM 3rd year** | **Boys** | **Girls** | **Total** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **2021-22** | 114 | 75 | 94 | 82 | 201 | **283** |
| **2022-23** | 112 | 97 | 55 | 75 | 189 | **264** |
| **2023-24** | 120 | 73 | 83 | 99 | 177 | **276** |

**केन्द्रीय छात्र संघ:**

विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार राजकीय महाविद्यालय भरमौर में सत्र 2023-2024 में मेरिट आधार पर **केन्द्रीय छात्र संघ** के निम्नलिखित पदाधिकारी

एवं सदस्य मनोनित किये गये तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई गयी है |

| **पदभार** | **विधार्थी का नाम** | **कक्षा/ सत्र** |
|---|---|---|
| **प्रधान** | प्रिया कुमारी | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **उप प्रधान** | अर्पणा देवी | बी० कॉम० तृतीय वर्ष |
| **महासचिव** | विशाल कुमार | बी० ए० द्वितीय वर्ष |
| **सयुंक्त सचिव** | ज्योति | बी० ए० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | मनीष कुमार | बी० ए० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | वर्षा | बी० कॉम० प्रथम वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | रिया कुमारी | बी० ए० द्वितीय वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | दीक्षा कुमारी | बी० कॉम० तृतीय वर्ष |
| **कक्षा प्रतिनिधि** | शिल्पा शर्मा | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (एन. एस .एस)** | राजेश्वरी भरद्वाज | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (एन. एस .एस)** | साहिल कुमार | बी० कॉम० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (खेलकूद )** | काजल | बी० ए० द्वितीय वर्ष |
| **सदस्य(खेलकूद )** | सूरज कुमार | बी० ए० प्रथम वर्ष |
| **सदस्य (सांस्कृतिक)** | मोनिका देवी | बी० कॉम० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (सांस्कृतिक)** | विवेक चाडक | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य(रेड रिबन क्लब)** | विकास ठाकुर | बी० ए० प्रथम वर्ष |
| **सदस्य ( इको क्लब )** | अंकुश कुमार | बी० ए० तृतीय वर्ष |
| **सदस्य (सड़क सुरक्षा क्लब )** | अदिति ठाकुर | बी० ए० द्वितीय वर्ष |

**परीक्षा परिणाम**:

गत वर्ष के परीक्षा परिणाम का ब्यौरा इस प्रकार से है:

| **वर्ष** | **कक्षाएं** | **कुल विद्यार्थी** | **परिणाम घोषित** | **उत्तीर्ण** | **पास प्रतिशतता (महाविद्यालय)** |
|---|---|---|---|---|---|
| **2022-23** | बी०ए०/बी० कॉम. प्रथम वर्ष | 104 | 104 | 74 | **71%** |
| | बी०ए०/बी० कॉम. द्वितीय वर्ष | 89 | 89 | 89 | **100%** |
| | बी०ए०/बी० कॉम. तृतीय वर्ष | 83 | 83 | 83 | **100%** |

**गृह परीक्षाएं:**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के नियमों व निर्देशों के अनुसार महाविद्यालय में दिनांक **28 नवंबर से 13 दिसंबर 2023** तक **गृह परीक्षाओं** का आयोजन किया गया | जिसमें विभिन्न विषयों में पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को आज पुरुस्कृत किया जा रहा है |

**छात्रवृत्ति:**

इस सत्र में 12 छात्र-छात्राओं के छात्रवृति के आवेदन राज्यस्तर पर स्वीकृत किये जा चुके हैं और इन छात्रों को छात्रवृति की राशि राज्य सरकार द्वारा इनके खाते में डाल दी जाएगी |

**महाविद्यालय की खेलकूद प्रतियोगिताएं:**

मान्यवर, महाविद्यालय में शारीरिक शिक्षक का पद सृजित नहीं है परन्तु वर्तमान में कार्यरत आचार्य वर्ग विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ–साथ अन्य सहयोगी गतिविधियों में अपना पूर्ण योगदान दे रहा है | इसी क्रम में 5 नवम्बर **2023** को महाविद्यालय में **वार्षिक खेलकूद प्रतिस्पर्धा** के अन्तर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया |इस सत्र में हमारे महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने इंटर कॉलेज कब्बड्डी चैंपियनशिप हमीरपुर तथा इंटर कॉलेज एथेलेटिक मीट धर्मशाला में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया | इन प्रतिभागियों को आज पुरुस्कृत किया जा रहा है |

**महाविद्यालय परिवार की उपलब्धियां:**

किसी भी शिक्षण संस्थान में सिर्फ शिक्षा का स्तर ही उस संस्थान को उपलब्धि प्रदान नहीं करता है बल्कि महाविद्यालय के सदस्यों द्वारा समय-समय पर किये गये प्रयास भी संस्थान को आगे ले जाते हैं | हमारा महाविद्यालय भी इन प्रयासों से अछूता नहीं है, यहाँ के शिक्षक और गैर-शिक्षक वर्ग विभिन्न उपलब्धियों से सम्पन्न हैं| इनके द्वारा अनेक प्रकार की उपलब्धियों को हासिल किया है | जिनका ब्यौरा इस प्रकार है:

I. इतिहास विषय के सहायक आचार्य डॉ. राजिंदर सिंह के द्वारा 22-08-2023 से 05-09-2023 तक रामानुजम कॉलेज यूनिवर्सिटी ऑफ़ दिल्ली से(ऑनलाइन ) रिफ्रेशर कोर्स किया गया |

II. वाणिज्य विषय के सहायक आचार्य डॉ. सुधीर कुमार सकलानी के द्वारा 23-06-2023 से 20-07-2023 तक पंजाब यूनिवर्सिटी चंडीगढ़ से अंग्रेजी

**FACULTY INDUCTION PROGRAMME** से प्रशिक्षण प्राप्त किया |

- **III.** अंग्रेजी विषय के सहायक आचार्य श्री स्वरुप कुमार शर्मा ने 29-11-2023 से 12-12-2023 तक **गुरु नानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर** से ऑनलाइन रिफ्रेशर कोर्स किया तथा 07-08-2023 से 12-08-023 तक **GCTE धर्मशाला में INDUCTION TRAINING PROGRAMME** से प्रशिक्षण प्राप्त किया |
- **IV.** महाविद्यालय के सहायक आचार्य श्री विवेक कुमार ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला से अक्टूबर 2023 में (एम . फिल. ) की उपाधि प्राप्त की |
- **V.** महाविद्यालय के नवनियुक्त सहायक आचार्यों श्री विशाल अहीर ,डॉ कृष्णमुरारी पाण्डेय ,श्री नरेश कुमार ,श्री विवेक कुमार, डॉ. अरविन्द कुमार वर्मा ,श्री ठुक्तन फुन्चोक ,तथा श्री राहुल कुमार ने GCTE धर्मशाला से One Week INDUCTION TRAINING PROGRAMME के तहत प्रशिक्षण प्राप्त किया |
- **VI.** सहायक पुस्तकालय अध्यक्ष श्री अजीत कुमार ने दिनांक 12-02-2024 से 26-02-2024 तक **डॉ. भीम राव आंबेडकर यूनिवर्सिटी, महाराष्ट्र द्वारा मालवीय मिशन टीचर ट्रेनिंग** के अंतर्गत रिफ्रेशर कोर्स में भाग लिया | इसके अतरिक्त मार्च 2023 में **Information and Library Network Centre , Ahemdabad** द्वारा आयोजित **SOUL 3.0 Library Management Software** की कार्यशाला में भाग लिया |

## रैड रिबन क्लब:

प्रोफेसर **विशाल अहीर** के नेतृत्त्व में **रैड रिबन क्लब** की इकाई द्वारा महाविद्यालय में समय समय पर विभिन्न- विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा चुका है | दिनांक **01 दिसम्बर 2023 को "विश्व एड्स दिवस"** का आयोजन किया गया जिसमें नागरिक चिकित्सालय भरमौर से **डॉ रूचिका** तथा **पवन भारद्वाज** ने विद्यार्थियों को एड्स जैसी भयंकर बीमारी के प्रति जागरूक किया तथा इसके साथ **07 मार्च 2024 'अंतराष्ट्रीय महिला दिवस'** मनाया गया जिसमें **नागरिक चिकित्सालय भरमौर** से **पवन भारद्वाज** तथा **किशन चंद ठाकुर** ने छात्रों को **टी .बी** .तथा **एड्स** सुरक्षा सम्बन्धी उपाय बताये | इन उपलक्ष्यों पर क्लब के द्वारा **नारा लेखन, भाषण प्रतियोगिता , कोलाज मेकिंग,रंगोली मेकिंग तथा मेहंदी** आदि प्रतियोगितायों का आयोजन किया गया | रैड रिबन कल्ब द्वारा चंबा मेडिकल कॉलेज में तीन विद्याथियों को 28 सितम्बर को ट्रेनिंग दी गई|

**एन० एस० एस० :**

महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के अन्तर्गत विद्यार्थियों की संख्या के हिसाब से आधी इकाई का गठन किया गया है | जिसकी सदस्य संख्या 50 विद्यार्थी हैं | जिसमें 30 छात्र और 20 छात्राएं हैं | महाविद्यालय के दो छात्रों ने राज्यस्तरीय मेगा कैंप, 2023 जो कि राजकीय महाविद्यालय बंजार में सम्पन्न हुआ उसमें महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया|

**निर्वाचन साक्षरता समूह (Electoral Literacy Club)**

भारतीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार महाविद्यालय में निर्वाचन साक्षरता समूह का निर्माण किया गया जिसके तहत **प्रो० नरेश कुमार** को महाविद्यालय परिसर के **नोडल ऑफिसर** तथा **अदिति ठाकुर**, कला स्नातक

द्वितीय वर्ष, अनुक्रमांक 22096 व **मनीष कुमार**, कला स्नातक प्रथम वर्ष, अनुक्रमांक 23054, को विद्यार्थी अम्बैजडर नियुक्त किया गया | **17/02/2024 को माननीय अतिरिक्त उपायुक्त, भरमौर** ने निर्वाचन साक्षरता समूह के तहत छात्रों को संबोधित किया और चुनावों के बारे में उन्हें जागरूक किया|

**स्वीप (systematic voters' education and electoral participation):**

भारत के केन्द्रीय चुनाव आयोग द्वारा चुनाव से सम्बंधित कार्यक्रम स्वीप के अंतर्गत महाविद्यालय में कार्यरत प्रो० स्वरूप कुमार शर्मा को भरमौर विधान सभा क्षेत्र का स्वीप नोडल ऑफिसर एवं **DEDICATED A.E.R.O.** नियुक्त किया गया | महाविद्यालय से ज्योति कुमारी प्रथम वर्ष अनुक्रमांक 23022 व अंकुश कुमार अनुक्रमांक 23001 को छात्र अम्बैजडर नियुक्त किया गया | स्वीप समिति के द्वारा भावी लोकसभा चुनावों में भाग लेने हेतु पूरे विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा चुका है |

**सड़क सुरक्षा क्लब:**

22-23 अगस्त 2023 को सड़क सुरक्षा क्लब द्वारा डॉ कृष्णमुरारी पाण्डेय के नेतृत्त्व में **नागरिक चिकित्सालय भरमौर** एवम **पुलिस थाना भरमौर** के समन्वय से **"सड़क सुरक्षा कार्यक्रम"** का आयोजन कर विभिन्न प्रतियोगिताए आयोजित की गई| इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्रों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया| इस अवसर पर भाषण, नारा लेखन, पोस्टर मेकिंग, प्रश्नोत्तरी तथा कविता पाठन का आयोजन किया गया| इस विशेष कार्यक्रम में

थाना भरमौर के प्रभारी **पंकज** एवं **रोहित** ने सड़क सुरक्षा के नियमों के बारें में जानकारी प्रदान की तथा डॉ मयंक द्वारा सड़क हादसा होने पर किसी व्यक्ति को प्राथमिक उपचार कैसे दिया इस सम्बन्ध में महाविद्यालय के विद्यार्थियों को जागरूक किया| इस अवसर पर महाविद्यालय से बस स्टैंड तक विद्यार्थियों ने रैली भी निकाली |

**पी० टी० ए० :**

शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के द्वारा शैक्षिक संस्थानों में अविभावक अध्यापक संघ के गठन संबधी नीति के अनुसार इस महाविद्यालय में भी पी० टी० ए० का गठन किया गया है | इसमें **सत्र 2023 -24** के लिए सर्व–सम्मति से दिनांक **07अक्टूबर 2023** को अधोलिखित पदाधिकारी निर्वाचित किये गये:

| | |
|---|---|
| **प्रधान** | श्री संजय कुमार |
| **उप-प्रधान** | श्रीमति स्वर्णा देवी |
| **सचिव** | श्री विवेक कुमार , रा० महा० भरमौर |
| **सहसचिव** | श्री राज कुमार |
| **कोषाध्यक्ष** | श्री अनिल कुमार |
| **लेखा परीक्षक (**Auditor) | श्री कश्मीर सिंह |

**महाविद्यालय पुस्तकालय: (College Library)**

महोदय ! जैसा कि भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ० सर्वपल्ली राधाकृष्णन ने कहा है कि पुस्तकालय किसी भी शैक्षणिक संस्थान का ह्रदय होता है | वर्तमान में महाविद्यालय के पास कक्षाए लगाने के लिए भी पर्याप्त स्थान नहीं हैं फिर भी विद्याथियों के हितों को ध्यान में रखते हुए राजकीय महाविद्यालय भरमौर में एक उच्च कोटि का पुस्तकालय स्थापित करने का प्रयास महाविद्यालय प्रशासन की ओर से किया गया हैं| पुस्तकालय में एक समय में कुल 16 विद्याथियों के बैठने की व्यवस्था महाविद्यालय की ओर से की गयी हैं|

पुस्तकालय में वर्तमान समय में कुल **4000 बहुमूल्य पुस्तकें** उपलब्ध हैं और इसके साथ **13 ज्ञानवर्धक पत्रिकाएँ** प्रतिमाह विद्यार्थियों को उपलब्ध करवाई जाती हैं | विद्यार्थियों व स्टाफ की सुविधा को ध्यान में रखते हुए 80,000 रु० की लागत से **"Information and Library Network Centre" Gandhinagar** द्वारा निर्मित **"SOUL"** सॉफ्टवेयर को पुस्तकालय में स्थापित करके **पूर्णता कंप्युटरीकृत** किया गया है |

अंत में, मैं भरमौर स्थित समस्त कार्यालयाध्यक्षों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता हूँ, जो महाविद्यालय के विकास तथा इसकी गतिविधियों को सुचारू रूप से चलाने के लिए अपना हर संभव सहयोग देते आये हैं |

**प्राचार्य**

**राजकीय महाविद्यालय**

**भरमौर**

चंबा, हि. प्र.